CS (MAIN) EXAM:2018

EGT–D–SOCY

समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

SOCIOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रश्नों के समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से संक्षिप्त उत्तर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में हो :

Write short answers, with a sociological perspective, of the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) भारतीय समाज को समझने का जी० एस० घूर्ये के भारतविद्याई परिप्रेक्ष्य पर एक टिप्पणी लिखिए।

Write a note on G. S. Ghurye's Indological perspective of understanding Indian society.

(b) आन्द्रे बेतेइ के तंजौर गाँव के अध्ययन का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

Give a critical analysis of Andre Beteille's study of Tanjore village.

(c) मीडिया लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ है। विवेचना कीजिए।

Media is the fourth pillar of democracy. Discuss.

(d) भारत में मध्यवर्गीय महिलाओं की परिवर्तित हो रही भूमिकाओं पर एक टिप्पणी लिखिए।

Write a note on the changing roles of middle-class women in India.

(e) भारत में धार्मिक पन्थों की संवृद्धि की विवेचना कीजिए।

Discuss the growth of religious sects in India.

2. *(a)* भारत के विकास के पथ पर ए० आर० देसाई के विचारों का विश्लेषण कीजिए।

Analyze A. R. Desai's views on India's path of development. 20

(b) औपनिवेशिक भारत में चम्पारण किसान आन्दोलन की समाजशास्त्रीय गत्यात्मकता का परीक्षण कीजिए।

Examine sociological dynamics of Champaran Peasant Movement in colonial India. 20

(c) स्वामीनाथन आयोग (2004–2006) की सिफारिशें किस प्रकार भारतीय जनता के लिए भोजन एवं पोषण की सुरक्षा को सुनिश्चित करती हैं?

How do the recommendations of Swaminathan Commission (2004–2006) ensure food and nutrition security for the Indian masses? 10

3. *(a)* विविक्त जातियों और संभ्रमित सोपानों से आप क्या समझते हैं? अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों के द्वारा पुष्ट कीजिए।

What do you understand by discrete castes and muddled hierarchies? Substantiate your answer with suitable illustrations. 20

(b) भारत में जनजातीय विद्रोह के संदर्भ में, विकास-प्रेरित विस्थापन पर चर्चा कीजिए। भारत से सम्बन्धित किसी एक विस्तृत उदाहरण के द्वारा अपने उत्तर को पुष्ट कीजिए।

Discuss development-induced displacement in the context of tribal uprising in India. Substantiate your answer with any one detailed illustration from India. 20

Optional Province · optionalprovince.com

(c) विवाह एवं परिवार की परिवर्तित हो रही संस्थाओं में 'कन्यादान' एवं 'कुलवधू' के महत्त्व की उदाहरण सहित विवेचना कीजिए।

Illustrate the importance of 'Kanyadan' and 'Kulabadhu' in changing institutions of marriage and family. 10

4. (a) नव आर्थिक नीति (1991) ने किस प्रकार भारत में नवीन मध्यवर्ग की जीवन-शैली एवं जीवन-अवसरों को प्रभावित किया है?

How has the New Economic Policy (1991) affected the lifestyle and life-chances of new middle class in India? 20

(b) भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों की चिन्ताओं पर एक समालोचनात्मक लेख लिखिए।

Write a critical narrative on the concerns of religious minorities in India. 20

(c) भारतीय समाज में हिजड़ा/किन्नर (ट्रांसजेन्डर) की हकदारी से सम्बन्धित मुद्दों की विवेचना कीजिए।

Discuss the issues relating to the entitlement of transgender in Indian society. 10

खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रश्नों के समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से संक्षिप्त उत्तर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में हो :

Write short answers, with a sociological perspective, of the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) बी० आर० अम्बेडकर द्वारा प्रस्तुत संवैधानिक नैतिकता की संकल्पना को सविस्तार प्रतिपादित कीजिए।

Elaborate the concept of constitutional morality as given by B. R. Ambedkar.

(b) भारत में बाल उत्पीड़न की बढ़ती हुई प्रवृत्ति पर समाजशास्त्रीय विवेचन की रचना कीजिए।

Construct a sociological narrative on the increasing trend of child abuse in India.

(c) समकालीन भारत में नव्य किसान आन्दोलन की गत्यात्मकता को समझाइए।

Explain the dynamics of neo-farmers' movement in contemporary India.

(d) बालिका की शिक्षा के उन्नयन में राज्य की भूमिका का आकलन कीजिए।

Assess the role of the State in promoting education of girl child.

(e) 'मैं भी (मी टू)' आन्दोलन एवं भारत में उसके प्रभाव को सविस्तार स्पष्ट कीजिए।

Elaborate the 'Me Too' Movement and its impact in India.

6. (a) भारत में महानगरों के विकास की संवृद्धि और भारत के लोगों के मानसिक एवं सामाजिक जीवन पर इसके प्रभाव को आप किस प्रकार सम्बद्ध करते हैं?

How do you relate the growth of development of metropolis and its impact on the mental and social life of people in India? 20

Optional Province · optionalprovince.com

(b) क्या 'हरित क्रान्ति' ने ग्रामीण भारत में नए शक्ति संभ्रांत वर्ग के विरचन को उत्पन्न किया है? अपने उत्तर की सविस्तार व्याख्या कीजिए।

Has 'Green Revolution' led to the formation of new power elite in rural India? Elaborate your answer. 20

(c) नगरीय निर्धनों के लिए मुहैया कराए गए 'नगरीय निर्धनों के लिए आधारिक सेवाएँ (बी० एस० यू० पी०)' और 'एकीकृत आवासन और गंदीबस्ती सुधार (आइ० एच० एस० डी०)' कार्यक्रमों पर एक टिप्पणी लिखिए।

Write a note on Basic Services to Urban Poor (BSUP) and Integrated Housing and Slum Development (IHSD) programmes provided for the urban poor. 10

7. (a) क्या भारत में जाति व्यवस्था ने लोकतन्त्र एवं वयस्क मताधिकार में बाधाएँ डाली हैं? विवेचना कीजिए।

Has caste system hindered democracy and adult franchise in India? Discuss. 20

(b) समकालीन भारत में दलित आग्रहिताओं के विभिन्न स्वरूपों को सविस्तार स्पष्ट कीजिए। भारतीय राजनीतिक व्यवस्था पर इसके क्या निहितार्थ हैं?

Elaborate various forms of Dalit assertions in contemporary India. What are its implications on the Indian political system? 20

(c) क्या शिक्षा में वृद्धि और आर्थिक विकास के द्वारा भारतीय समाज और अधिक धर्मनिरपेक्ष हो रहा है?

With increase in education and economic development is Indian society becoming more secular? 10

8. (a) पुरुषों के प्रवसन से सम्बद्ध कौन-कौन से मुद्दे हैं और इनका जन्मदर पर क्या प्रभाव होता है? क्या आवश्यक रूप से इसका परिणाम विषम लैंगिक अनुपात होता है?

What are the issues relating to male migration and its impact on birthrate? Does it necessarily result in skewed sex ratio? 20

(b) पश्चिमी पितृतन्त्र, जो नारीवादी सिद्धान्तों को त्याग देता है, भारत में एक नई विकास परियोजना है। क्या आप इस विचार से सहमत हैं? क्यों?

Western patriarchy which surrenders feminine principles is the new development project in India. Do you agree with this view? Why? 20

(c) भारत में मुस्लिम समुदाय में, विवाह एवं विवाह-विच्छेद पर 'तीन तलाक' पर प्रतिबन्ध के प्रभाव का आकलन कीजिए।

Assess the impact of ban on 'Triple Talak' on marriage and divorce among the Muslim community in India. 10

★★★

Optional Province · optionalprovince.com